भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

अर्थशास्त्र परिषद के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति आयोजित किए जाने वाले प्रतियोगिताओं के क्रम में आज दिनांक 12.2.2024 को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन "भारतीय अर्थव्यवस्था में वर्तमान प्रवृति एवं परिवर्तन" विषय पर आयोजित किया गया। इसमें एम ए चतुर्थ सेमेस्टर तथा एम ए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों में अंचलेश द्विवेदी, शिवांगी सिंह तथा प्रद्युम सिंह का भाषण अत्यंत ही सराहनीय रहा। प्रतिभागियों ने भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की सबसे तीव्र गति से उभरती हुई अर्थव्यवस्था बताया। उन्होंने यह बताया कि भारत की आजादी के उपरांत किस तरह से देश मे विदेशी व्यापार की संरचना एवं दिशा में परिवर्तन हुए हैं। जहां भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया के विकसित देशों पर निर्भर थी वहीं अब यह परिवर्तन विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की तरफ विवर्तित हो गया है। समय बदलने के साथ-साथ किस तरह से अनेकों परिवर्तनों जैसे तकनीकी परिवर्तन,उपभोग प्रतिरूप,रोजगार में परिवर्तन, इत्यादि दिखाई दे रहे हैं। दुनिया के तीव्र गति से उभरते हुए अर्थव्यवस्था में भारतीय अर्थव्यवस्था अपने आप को किस तरह विकसित राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर है। इस पर सरकारें बहुत ही गंभीरता से प्रयासरत हैं । विकसित राष्ट्र बनाने के तरफ भारत ने अपना लक्ष्य 2047 रखा है। कार्यक्रम का आयोजन विभाग के शिक्षक डॉ. अमित कुमार शर्मा, सहायक आचार्य के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संदीप कुमार, प्रोफेसर के. आर. त्रिपाठी, प्रोफेसर ए.के. गोयल, डॉ. सत्यपाल सिंह, अर्थशास्त्र परिषद के प्रभारी डॉ. राजू कुमार गुप्ता, डॉ. सुरेंद्र कुमार गुप्ता, डॉ. वन्दना अहिरवार तथा डॉ. मनीष कुमार ,समस्त शोध छात्र तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।धन्यवाद ज्ञापन का कार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया।

ECONOMIC ASSOCIATION
Speech Competition
On
Recent Trends and Changes in Indian Economy
Organized
by
Department of Economics
DDU Gorakhpur University
Date: 12.02.2024
t of Economics
orakhpur University
Gorakhpur

NOTE 10 | GAURAV 84YA

t of Economics


Economics

t of Economics